निविदा संख्या– 001

कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक–उ0वि0शि0प0/सिस्टम सेल/निविदा–001/ 167 /2019–20 दिनांकः 17 जून, 2019

ई–निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा वर्ष 2020 की परिषदीय परीक्षाओं के संचालन हेतु प्रतिष्ठित फर्मो से परीक्षा ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 एवं पजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों के मुद्रण कार्य हेतु उत्तराखण्ड निविदा ई–की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

क्रमांक	कार्य विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अर्नेस्टमनी
1	हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2020 के ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 परीक्षा आवेदन पत्रों एवं पंजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्रों का मुद्रण कर आपूर्ति का कार्य।	रू0 200=00 + G.S.T. रू0 36=00 रू0 236=00 (कुल रू0 दो सौ छत्तीस)	रुपया 35,000=00

(A) वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि व समय **दिनांक 01 जुलाई, 2019 (सोमवार) अपराह्न 05.00 बजे**

(B) तकनीकी एवं वित्तीय भाग की हार्डकापी एवं नमूनों को जमा करने की तिथि व समय **दिनांक 02 जुलाई, 2019 (मंगलवार) पूर्वाह्न 10.30 बजे**

(C) निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय **दिनांक 02 जुलाई, 2019 (मंगलवार) पूर्वाह्न 11.00 बजे**

(D) निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि **दिनांक 02 जुलाई, 2019 (मंगलवार)** तकनीकी निविदा पूर्ण होने पर।

निविदा की प्रमुख शर्ते :-

क – हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा का ओ0एम0आर0, आई0सी0आर0 एवं पंजीकरण ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र की आपूर्ति हेतु फर्म को N.S.I.C./ S.S.I. या D.I.C. से पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदादाता के पास अधिकृत प्रमाणीकरण संस्था (Certifying Authorities) द्वारा निर्गत डी0एस0सी0 (Digital Signature Certificate) होना अनिवार्य होगा।

ख – फर्म को E.S.I.C. (Employee State Insurance Corporation)/ P.F. (Provident Fund) से पंजीकृत होना आवश्यक है।

ग– वेबसाइट पर अपलोड की गई निविदा की हूबहू प्रतिलिपि पारम्परिक रूप में पृथक से हार्डकापी भी सीलबन्द लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। **जो फर्म www.uktenders.gov.in पर अपनी निविदायें अपलोड नही करेंगी उनकी हार्डकापी पर प्रस्तुत निविदा स्वीकार नही की जायेंगी।**

घ– निविदा के साथ अर्नेस्टमनी धनराशि का क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/T.D.R. के रूप में जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से प्लेज मनी रखनी होगी। नकद अथवा किसी अन्य रूप में धनराशि मान्य नहीं होगी। बिना अर्नेस्टमनी क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट/ T.D.R. की धनराशि के तकनीकी भाग स्वीकार नही होगा।

ङ – **निविदा प्रपत्र की धनराशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ली जायेगी। बैंक ड्राफ्ट सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से, जो कि भारतीय स्टेट बैंक रामनगर, शाखा कोड 00701 में देय हो जमा करना अनिवार्य है।**

च – निविदा शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट **क्रमांक (ङ) के अनुसार** निविदा जमा करने से पूर्व सिस्टम सेल अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा, तभी निविदा स्वीकार की जायेगी।

छ – जिन फर्मो के तकनीकी भाग की निविदाएं स्वीकृत होंगी उन्हीं फर्मो की वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी।

ज – परिषद के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

झ– प्री–बिड बैठक परिषद् कार्यालय में की जायेगी। जिसमें सभी इच्छुक निविदादाता भाग ले सकते हैं। ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाइन अपलोड करने के लिए निविदा के विस्तृत नियम, निर्देश, शर्तें एवं आवेदन पत्र उत्तराखण्ड निविदा की वेबसाइट **www.uktenders.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)

ALL File 2019-2020/E TERNDER 2019/OMR 2019/OMR & ICR DATA PROCESSING -2019